

लोक सभा सचिवालय
प्रेस एवं जन सम्पर्क स्कंध
संसद भवन, नई दिल्ली

LOK SABHA SECRETARIAT
Press and Public Relations Wing
Parliament House, New Delhi

प्रेस विज्ञप्ति PRESS RELEASE

**INDIAN PARLIAMENTARY DELEGATION (IPD) MADE STRONG CASE FOR USE OF TECHNOLOGY AND AI IN PARLIAMENTARY PROCESS: LOK SABHA SPEAKER/अंतर संसदीय संघ में, लोक सभा अध्यक्ष ने संसदीय प्रक्रिया में प्रौद्योगिकी और एआई के उपयोग पर प्रकाश डाला**

…

**WORLD PARLIAMENTARY FRATERNITY APPRECIATES INDIA'S INITIATIVES OF GREEN, TECH-DRIVEN AND PAPERLESS PARLIAMENT: LOK SABHA SPEAKER/विश्व समुदाय ने हरित, प्रौद्योगिकी-संचालित और पेपरलेस संसद की हमारी पहल की सराहना की है: लोक सभा अध्यक्ष**

…

**DURING 149TH ASSEMBLY OF IPU, IPD FOCUSED ON KEY GLOBAL ISSUES WHERE INDIA HAS MADE NOTABLE PROGRESS: LOK SABHA SPEAKER/आईपीयू की 149वीं एसेम्बली के दौरान, भारतीय संसदीय शिष्टमंडल ने एसेम्बली के मुख्य विषय से जुड़े उन प्रमुख वैश्विक मुद्दों की ओर ध्यानाकर्षित किया जिनमें भारत ने उल्लेखनीय प्रगति की है: लोक सभा अध्यक्ष**

…

**SHRI BIRLA MAKES EXTENSIVE OUTREACH TO REINFORCE AND STRENGTHEN TIES WITH SEVERAL COUNTRIES AND FOSTERING PARLIAMENT TO PARLIAMENT COOPERATION/लोक सभा अध्यक्ष ने आईपीयू एसेम्बली के दौरान विश्व संसदों के पीठासीन अधिकारियों से मुलाकात की**

…

**LOK SABHA SPEAKER PARTICIPATES IN GOVERNING COUNCIL MEETING OF IPU/भारतीय संसदीय शिष्टमंडल ने अन्य देशों के साथ संबंधों को सुदृढ़ करने तथा संसदों के बीच सहयोग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से संपर्क और संवाद किया**

**…**

**149TH ASSEMBLY OF IPU CONTINUES ITS PROCEEDINGS IN GENEVA, TODAY/लोक सभा अध्यक्ष आईपीयू की शासी परिषद की बैठक में शामिल हुए**

**…**

**Geneva/New Delhi; 17 October, 2024:** The 149th Assembly of Inter-Parliamentary Union (IPU), which commenced on 13 October, 2024 in Geneva, continued its proceedings today. Indian Parliamentary Delegation (IPD), led by Lok Sabha Speaker, Shri Om Birla, actively participated in the proceedings of the Assembly, its Standing Committees and other events.

Shri Birla also participated in the Governing Council meeting of IPU on the concluding day.

Shri Birla noted that the Indian Delegation focused on key global issues at the Assembly where India has made notable progress. The Delegation's contributions included sharing best practices, reinforcing India’s global commitments, and engaging in collaborative policy discussions, he added. Shri Birla further observed that IPU is a productive forum for advancing global commitments to inclusive growth through parliamentary cooperation.

He also highlighted the imperative of using technology/AI for record keeping, making debates and speeches in Parliament and other information available to people and making Parliament people-friendly. Mentioning about use of technology and AI for making parliament accessible to all, he observed that in a multilingual society like india, it is necessary to facilitate MPs to speak in their preferred languages. He was happy to note that the world parliamentary fraternity had appreciated India's initiatives of green, tech-driven and paperless Parliament.

Speaking on the capacity building of parliamentarians and officials, Shri Birla informed that Speakers and parliamentarian of more than 100 countries had acknowledged and appreciated PRIDE as a leading global institution for

Parliamentary training. PRIDE had imparted training to elected members and officials of parliament Secretariats on myriad issues of parliamentary interest, he further informed.

During the Assembly, the Indian Parliamentary Delegation made extensive outreach to numerous countries reinforcing and strengthening ties with them and fostering Parliament to Parliament relations. On the sidelines of the Assembly, Shri Birla met Presiding Officers and delegates of several world Parliaments - including Nepal, Maldives, Armenia, Thailand, Oman, Switzerland, Australia, Scheychelles, IPU President, Algeria, Zimbabwe, Bhutan, UAE - where he highlighted the achievements of inclusive and sustainable growth in India which is enabled by use of technology, including in the largest elections, Digital India, Start Up India, DBT scheme, etc. He appreciated the active role of Members of IPD for purposive participation in Standing Committees meetings and other events to put forward India's development journey that has been inclusive and tech driven. Shri Birla expressed confidence that this visit of IPD would be remembered as one of the milestones of journey of Parliament of India on global platforms.

Earlier, Shri Birla had a warm interaction with President of the National People's Assembly of Algeria, H.E. Mr. Ibrahim Boughali. Recalling the recent visit of the President of India to Algeria, Lok Sabha Speaker mentioned that the robust trade, cultural and people to people relations between the two countries matter a lot to India. Referring to the experience of India and Algeria in their fight against colonialism, he expressed happiness that both the countries had successfully worked to promote peace, democracy and welfare of people.

Stressing the need for regular dialogues between the Parliaments of India and Algeria, Lok Sabha Speaker noted that parliamentary cooperation is an essential facet of bilateral relations. He informed the Delegation that in the recent years, transformative changes have taken place in India. He called for more and more investment from Algeria in India to reap the benefits of ease of doing business. Shri Birla Invited legislators and officials of Parliament of Algeria for their capacity building through PRIDE, Lok Sabha Secretariat.

**जिनेवा/नई दिल्ली, 17 अक्तूबर, 2024:** अंतर-संसदीय संघ (आईपीयू) की 149वीं एसेम्बली की कार्यवाही, जो 13 अक्तूबर, 2024 को जिनेवा में शुरू हुई थी, आज जारी है। लोक सभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला के नेतृत्व में भारतीय संसदीय शिष्टमंडल ने एसेम्बली के साथ ही

आईपीयू की स्थायी समितियों तथा अन्य कार्यक्रमों में सक्रिय रूप से भाग लिया और अन्य देशों के साथ परस्पर संबंधों को सुदृढ़ करने तथा संसदों के बीच सहयोग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से संपर्क और संवाद करने की पहल की।

श्री बिरला समापन दिवस पर आईपीयू की शासी परिषद की बैठक में शामिल हुए। श्री बिरला ने कहा कि भारतीय शिष्टमंडल ने एसेम्बली के मुख्य विषय से जुड़े उन प्रमुख वैश्विक मुद्दों की ओर ध्यानाकर्षित किया, जिनमें भारत ने उल्लेखनीय प्रगति की है और सर्वोत्तम प्रथाओं को साझा किया। इसके साथ ही भारत की वैश्विक प्रतिबद्धताओं को दोहराते हुए परस्पर सहयोग की नीतिगत चर्चा-संवाद में शामिल होकर योगदान दिया।

श्री बिरला ने आगे कहा कि संसदीय सहयोग के माध्यम से समावेशी विकास और शांति की स्थापना के लिए वैश्विक प्रतिबद्धता को आगे बढ़ाने के लिए आईपीयू उपयोगी मंच है।

रिकॉर्ड के रखरखाव, संसद में हुई चर्चा और भाषणों के साथ ही अन्य जानकारी लोगों को उपलब्ध कराने और संसद को लोगों के करीब लाने में प्रौद्योगिकी और एआई के उपयोग पर प्रकाश डालते हुए, श्री बिरला ने कहा कि प्रौद्योगिकी के माध्यम से सांसदों के लिए अपनी पसंद की भाषा में विचार व्यक्त करना संभव हुआ है जिससे संसद की जानकारी जन-जन तक पहुंची है। उन्होंने यह भी कहा कि विश्व समुदाय ने भारत की हरित, तकनीक-संचालित और पेपरलेस संसद की सराहना की है।

सांसदों और अधिकारियों के क्षमता निर्माण के बारे में बात करते हुए, श्री बिरला ने कहा कि लगभग 100 से अधिक देशों के अध्यक्षों और सांसदों ने संसदीय प्रशिक्षण के लिए एक प्रमुख वैश्विक संस्थान के रूप में PRIDE को स्वीकार किया है और उसकी सराहना की है। उन्होंने आगे कहा कि PRIDE ने निर्वाचित सदस्यों और संसद सचिवालयों के अधिकारियों को अनेक संसदीय विषयों पर प्रशिक्षण दिया है।

इस एसेम्बली के दौरान, भारतीय संसदीय शिष्टमंडल ने अन्य देशों के साथ संबंधों को सुदृढ़ करने तथा संसदों के परस्पर संबंधों को बढ़ावा देने के लिए व्यापक रूप से संपर्क और संवाद किया।

एसेम्बली के दौरान, श्री बिरला ने नेपाल, मालदीव, आर्मेनिया, थाईलैंड, ओमान, स्विट्जरलैंड, ऑस्ट्रेलिया, शेशेल्स, आईपीयू अध्यक्ष, अल्जीरिया, जिम्बाब्वे, भूटान, संयुक्त अरब अमीरात की संसदों के पीठासीन अधिकारियों और प्रतिनिधियों से मुलाकात की। इन मुलाकातों के दौरान अध्यक्ष महोदय ने प्रौद्योगिकी के उपयोग से डिजिटल इंडिया, स्टार्ट अप इंडिया, डीबीटी योजना आदि जैसी पहलों का उल्लेख करते हुए भारत में समावेशी और सतत विकास की उपलब्धियों के बारे में उन्हें बताया। श्री बिरला ने संकल्प का प्रारूप तैयार करने में भारतीय संसदीय शिष्टमंडल के सदस्यों की सक्रिय भूमिका तथा भारत की समावेशी और तकनीक संचालित विकास यात्रा को आगे बढ़ाने के लिए स्थायी समितियों की बैठकों में उनकी भागीदारी की सराहना की। अध्यक्ष महोदय ने विश्वास व्यक्त किया कि भारतीय संसदीय शिष्टमंडल की यह यात्रा विश्व मंच पर भारत की संसद का पक्ष प्रस्तुत करने के मामले में यादगार यात्रा होगी।

लोक सभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला ने कल अल्जीरिया की नेशनल पीपुल्स असेंबली के प्रेसिडेंट महामहिम श्री इब्राहिम बौघाली से मुलाकात की। भारत की राष्ट्रपति द्वारा हाल में की गई अल्जीरिया यात्रा का उल्लेख करते हुए, लोक सभा अध्यक्ष ने कहा कि दोनों देशों के बीच व्यापारिक, सांस्कृतिक और लोगों के बीच संबंध भारत के लिए बहुत महत्वपूर्ण हैं। उपनिवेशवाद के खिलाफ लड़ाई में भारत और अल्जीरिया दोनों की ऐतिहासिक यात्रा का उल्लेख करते हुए, उन्होंने इस बात पर प्रसन्नता व्यक्त की कि दोनों देशों ने शांति, लोकतंत्र और जनकल्याण को बढ़ावा देने के लिए सफलतापूर्वक काम किया है।

भारत और अल्जीरिया की संसदों के बीच नियमित संवाद की आवश्यकता पर जोर देते हुए, लोक सभा अध्यक्ष ने कहा कि संसदीय सहयोग द्विपक्षीय संबंधों का एक अनिवार्य पहलू है। उन्होंने कहा कि हाल के वर्षों में भारत में महत्वपूर्ण बदलाव हुए हैं। उन्होंने अल्जीरिया से भारत में अधिक से अधिक निवेश करने का आह्वान किया ताकि वे भारत में व्यापार करने की सुविधा का लाभ उठा सकें। श्री बिरला ने अल्जीरिया के विधायकों और संसद के अधिकारियों को लोक सभा सचिवालय के PRIDE में आयोजित क्षमता निर्माण कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया।